**खबर संक्षेप**

## सूने मकान का ताला तोड़ कर 5 एलईडी टीवी चोरी

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुम्हार मोहल्ला में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए इलेक्ट्रॉनिक सामान साफ कर दिया है। जानकारी के अनुसार फरियादी विजय वीरवानी 52 वर्ष निवासी कैरिन लाइन माधवनगर ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि घटना 27 व 28 जनवरी की रात हुई। चोरों ने ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कमरे में रखी हायर कंपनी की 5 एलईडी टीवी चोरी कर ली हैं। पुलिस के अनुसार चोरी गए मशरूका की कीमत लगभग 25,000 रुपये आंकी गई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने बीएनएस (BNS) की धारा 331(4) और 305(ए) जो पूर्व में आईपीसी की धारा 457, 380 के समकक्ष हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि आरोपियों का सुराग मिल सके।

## जमीन बेचने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

**कटनी।** ढीमरखेड़ा क्षेत्र में जमीन के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। ढीमरखेड़ा पुलिस ने जमीन विक्रय के बहाने जालसाजी करने के आरोप में पांच व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता रणजीत पटेल निवासी ग्राम बरेली ने पुलिस को अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि घटना की शुरुआत 9 दिसंबर 2024 से शुरू हुई थी जो 22 मार्च 2025 तक निरंतर चलती रही। इस दौरान आरोपियों ने जमीन बेचने का झांसा देकर पीड़ित के साथ छल किया। पुलिस ने जांच के बाद धारा 318(2) व 318(4), 319(2), 336(3), 61(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## कार्यशाला में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे हुए सम्मानित



**स्लीमनाबाद।** वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में प्राचार्य डॉक्टर इंद्र कुमार के मार्गदर्शन में इको क्लब द्वारा आयोजित एकदिवसीय जैविक खेती प्रशिक्षण कार्यशाला में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे को महाविद्यालय द्वारा विगत कई वर्षों से विद्यार्थियों को दिए जा रहे गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण तथा अथक परिश्रम एवं सहयोग तथा जैविक खेती को गति प्रदान करने के लिए शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व विद्यार्थियों को कार्यशाला में जैविक खेती का प्रशिक्षण तथा विद्यार्थियों द्वारा जैविक खेती के विभिन्न मॉडल प्रस्तुत करने पर उनका मूल्यांकन किया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ प्रवीण गर्ग द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम पड़वार मोड़ एवं कोहका के पास हुआ हादसा

# राष्ट्रीय राजमार्ग में हुए अलग अलग में एक दर्जन व्यक्ति हुए घायल, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



राष्ट्रीय राजमार्ग में स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग अलग हादसों में करीब एक दर्जन व्यक्ति घायल हो गये जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं। पहला हादसा पडवार मोड़ के समीप हुआ जहां सड़क किनारे खड़े एक ट्राले में तेज रफ्तार कार पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार दो महिलाएं सहित तीन गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार कार क्रमांक CG 06 GN 1997 कटनी से जबलपुर की ओर जा रही थी। दोपहर करीब 2:30 बजे पडवार मोड़ के पास सड़क किनारे खड़े ट्राला क्रमांक BR 44 GA 7154 से अनियंत्रित होकर कार पीछे से टकरा गई। कार में उमरिया निवासी संजय शर्मा अपनी सास और मौसी के साथ सवार थे।

हादसे में कार चला रहे संजय को मामूली चोटें आई हैं, लेकिन कार में सवार अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों में रेखा पाठक (सास), निवासी शिवनगर कटनी, रेनू तिवारी (मौसी), निवासी बालाघाट और अन्य एक शामिल हैं। हादसे की सूचना मिलते ही स्लीमनाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। राहगीरों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकाला गया और एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद ले जाया गया। ड्यूटी डॉक्टरों ने महिलाओं की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की विवेचना शुरू कर दी है।

दूसरा हादसा स्लीमनाबाद बाईपास पर कोहका मोड़ के समीप हुआ जिसमें तेज रफ्तार ट्रक ने मारुति वैन एमपी 20 बीए 8201 को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में वैन में सवार करीब आधा दर्जन यात्री घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार हादसा सुबह के वक्त हुआ जब इलाके में कोहरा छाया हुआ था।

### घना कोहरा होने से हुआ हादसा

विजिबिलिटी कम होने के कारण सामने से आ रहे वाहन स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहे थे। इसी दौरान रोड क्रॉस करते समय स्लीमनाबाद से सिहोरा की ओर जा रही मारुति वैन को तेज गति से आ रहे ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। वैन में सवार महिला और पुरुष यात्रियों को चोटें आई हैं। टक्कर से वैन भी क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

सभी घायलों को तत्काल स्लीमनाबाद स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ उनका उपचार किया गया। डॉक्टरों के अनुसार सभी यात्री खतरे से बाहर हैं और उनकी स्थिति गंभीर नहीं है।

## डायल 112 में किया पथराव, 3 आरोपितों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खहरटा में बीती रात असामाजिक तत्वों ने डायल 112 टीम पर हमला कर दिया। मामूली विवाद से शुरू हुई यह घटना शुरू हुई। पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में किया है। जानकारी के अनुसार किराना में कुछ लोग सिगरेट लेने पहुंचे। दुकान संचालक हरिहर गुप्ता के अनुसार वह अपनी दुकान बंद कर चुके थे तभी अंकित बर्मन अपने साथियों के साथ वहां पहुँचा और सिगरेट मांगने लगा। दुकान बंद होने का हवाला देकर जब दुकानदार ने मना किया तो युवक भड़क गए और दुकान के शटर पर हमला शुरू कर दिया। जान बचाने के लिए दुकानदार ने खुद को अंदर बंद कर लिया।

बताया जाता है कि आरोपित अंकित बर्मन ने ही डायल 112 को फोन कर शिकायत दर्ज कराई थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची और दोनों पक्षों को समझाइश देकर मामला शांत कराया। पुलिस को लगा कि विवाद सुलझ गया है, लेकिन जैसे ही डायल 112 वाहन गांव से बाहर निकलने लगा, आरोपियों ने अंधेरे का फायदा उठाकर घात लगाकर पथराव कर दिया। हमले में पुलिस वाहन का सामने वाला शीशा (विंडस्क्रीन) पूरी तरह टूट गया। वाहन में सवार पुलिसकर्मी इस हमले में बाल-बाल बच गए। शुक्रवार सुबह बड़वारा पुलिस ने गांव में दबिश दी और तीन मुख्य संदिग्धों को हिरासत में लिया है जिनमें लव सिंह, अंशुल सिंह और अंकित बर्मन शामिल हैं।

थाना प्रभारी के.के. पटेल का कहना है कि पुलिस वाहन पर पथराव की घटना अत्यंत गंभीर है। हमने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। मामले के हर पहलू की जांच कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के पड़वार मोड़ एवं कोहका में हुआ हादसा

## राष्ट्रीय राजमार्ग में हुए अलग अलग में एक दर्जन व्यक्ति हुए घायल, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

राष्ट्रीय राजमार्ग में स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग अलग हादसों में करीब एक दर्जन व्यक्ति घायल हो गये जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं। पहला हादसा पडवार मोड़ के समीप हुआ जहां सड़क किनारे खड़े एक ट्राले में तेज रफ्तार कार पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार दो महिलाएं सहित तीन गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार कार क्रमांक CG 06 GN 1997 कटनी से जबलपुर की ओर जा रही थी। दोपहर करीब 2:30 बजे पडवार मोड़ के पास सड़क किनारे खड़े ट्राला क्रमांक BR 44 GA 7154 से अनियंत्रित होकर कार पीछे से टकरा गई। कार में उमरिया निवासी संजय शर्मा अपनी सास और मौसी के साथ सवार थे।

हादसे में कार चला रहे संजय को मामूली चोटें आई हैं, लेकिन कार में सवार अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों में रेखा पाठक (सास), निवासी शिवनगर कटनी, रेनू तिवारी (मौसी), निवासी बालाघाट और अन्य एक शामिल हैं। हादसे की सूचना मिलते ही स्लीमनाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। राहगीरों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकाला गया और एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद ले जाया गया। ड्यूटी डॉक्टरों ने महिलाओं की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की विवेचना शुरू कर दी है।

दूसरा हादसा स्लीमनाबाद बाईपास पर कोहका मोड़ के समीप हुआ जिसमें तेज रफ्तार ट्रक ने मारुति वैन को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में वैन में सवार करीब आधा दर्जन यात्री घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार हादसा सुबह के वक्त हुआ जब इलाके में कोहरा छाया हुआ था।

विजिबिलिटी कम होने के कारण सामने से आ रहे वाहन स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहे थे। इसी दौरान रोड क्रॉस करते समय स्लीमनाबाद से सिहोरा की ओर जा रही मारुति वैन को तेज गति से आ रहे ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। वैन में सवार महिला और पुरुष यात्रियों को चोटें आई हैं। टक्कर से वैन भी क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

सभी घायलों को तत्काल स्लीमनाबाद स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ उनका उपचार किया गया। डॉक्टरों के अनुसार सभी यात्री खतरे से बाहर हैं और उनकी स्थिति गंभीर नहीं है।

## सड़क में आवारा घूम रहे मवेशियों को पकड़कर भेजा गौशाला



नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन उपलब्ध करानें की दिशा में निगम प्रशासन द्वारा लगातार अभियान चलाकर सार्वजनिक मार्गो में विचरण करनें वाले घुमंतू मवेशी गाय, बैल एवं श्वानों को पकड़कर सुरक्षित स्थल भेजनें की कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शुक्रवार को चलाए गए अभियान के दौरान उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर से 1 मित्तल कॉलोनी से 3 तथा वीआईपी रोड सराय से 3 आवारा श्वानों को पकड़ने की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही के दौरान लगभग 7 श्वानों को पकडा जाकर डाग वाहन के माध्यम से अमकुही फिल्टर प्लांट स्थित ए.बी.सी सेंटर भेजने की कार्यवाही की गई। वहीं दूसरी ओर आमजन को सुगम एंव सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने हेतु नगर के मुख्य मार्गो मे चलाये गए अभियान के तहत जगन्नाथ चैक, नदीपार मुख्य मार्ग सहित अन्य स्थलों में कार्यवाही के दौरान 12 नग घुमंतू मवेशी द्वारा आवागमन बाधित करते पाए जाने पर निगम की हांका गेंग द्वारा मवेशियों को पकड़कर अमीरगंज स्थित गौशाला भेजनें की कार्यवाही की गई।

## रात भर चले कांबिंग गस्त में 64 वारंटी गिरफ्तार, निगरानी बदमाशों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने बीती रात कांबिंग गस्त की। जिले भर के थाना क्षेत्रों में पुलिस बल ने रात भर दबिश देकर 190 से अधिक अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुँचाया। इस अभियान में जिले के आला अधिकारी स्वयं शामिल हुए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में CSP नेहा पच्चीसिया, एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, धीरेन्द्र धार्वे और डीएसपी रत्नेश मिश्रा सहित 15 थाना प्रभारियों ने मोर्चा संभाला। पुलिस की इस सघन चेकिंग में अपराधियों पर चौतरफा वार किया गया। अभियान के दौरान 47 गिरफ्तारी वारंट और 17 स्थाई वारंट तामील किए गए। 45 गुंडों और 46 निगरानी बदमाशों के घर अचानक दबिश देकर उनकी हाजिरी ली गई। अवैध शराब और सार्वजनिक स्थान पर जाम छलकाने वालों पर 17 आबकारी मामले दर्ज किये गये। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 10 चालकों के विरुद्ध धारा 185 MV एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। BNSS की विभिन्न धाराओं के तहत लगभग 59 व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। विशेष अभियान का उद्देश्य जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना और अपराधियों में कानून का खौफ पैदा करना है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि लूट, चोरी, चाकूबाजी और महिला संबंधी अपराधों में शामिल किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

## कटा-फटा राष्ट्रीय ध्वज फहराने पर सहायक शिक्षक निलंबित

**कटनी।** राष्ट्रीय ध्वज संहिता के उल्लंघन पर जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी ने विकासखण्ड बहोरीबंद के प्राथमिक शाला अमाड़ी के सहायक शिक्षक राकेश श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्यवाही विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बहोरीबंद के द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के बाद की गई है। शाला प्रभारी सहायक शिक्षक श्री श्रीवास्तव द्वारा राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 के अवसर पर विद्यालय शासकीय प्राथमिक शाला अमाड़ी में कटा-फटा राष्ट्रीय ध्वज को फहाराया गया था। सहायक शिक्षक श्री श्रीवास्तव का यह कदाचरण भारतीय ध्वज संहिता 2002 के विपरीत है।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री अग्रहरी ने सहायक शिक्षक श्री श्रीवास्तव के इस कृत्य को घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

निलंबन अवधि में सहायक शिक्षक राकेश श्रीवास्तव का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बहोरीबंद नियत किया गया है। इस दौरान नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर ई-सर्विस पुस्तिका अद्यतन में शिक्षकों को आ रही परेशानी, प्रांताध्यक्ष ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्कूल शिक्षा विभाग में वर्तमान समय में एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर ई-सर्विस पुस्तिका अद्यतन की प्रक्रिया चल रही है और इसे सम्बंधित शिक्षक को स्वयं करना है। ई-सर्विस पुस्तिका अद्यतन में शिक्षकों को अनेक प्रकार की कठिनाईयां आ रही हैं जिनका निराकरण प्रदेश स्तर से आवश्यक है। उक्त जानकारी देते हुए शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे ने बताया कि आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय संचालक लोक शिक्षण को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि शिक्षकों को टैबलेट तो उपलब्ध करा दिए गए हैं, परन्तु एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर ई-सर्विस पुस्तिका को किस तरह से अद्यतन किया जाना है, के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई जानकारी या प्रशिक्षण नहीं दिया गया है यह उचित नहीं है।

ई-सर्विस पुस्तिका अद्यतन की उक्त व्यवस्था में जो दस्तावेज अपलोड किए जाने हैं, वे 100 KB तक के ही अपलोड हो रहे हैं, जबकि अनेक दस्तावेज इस क्षमता से अधिक के हैं और सामान्यतः शिक्षकों से इन्हें छोटा बडा करते नहीं बनता। उक्त व्यवस्था में शिक्षा विभाग के ही बीएसी, सीएसी, बीआरसी, एपीसी आदि के पदों पर प्रतिनियुक्ति पर कार्य कर चुके अथवा कर रहे शिक्षकों के लिए कोई स्पष्ट विकल्प नहीं दिख रहा है यह उचित नहीं है। कृपया उक्त हेतु विकल्प उपलब्ध कराया जाए। बार- बार सर्वर डाउन होने के कारण लगातार तकनीकी समस्या बनी रहती है, जिससे शिक्षक जो प्रक्रिया घण्टों मेहनत करके पूरी करता है, वह मिनटों में शून्य हो जाती है। हालांकि प्रत्येक शिक्षक के सम्पूर्ण दस्तावेज ( जो ई-सर्विस पुस्तिका के लिए आवश्यक है ) वे संकुल स्तर पर संबंधित शिक्षक की सेवा पुस्तिका के साथ उपलब्ध हैं, और संबंधित शिक्षक द्वारा एजेकशन पोर्टल 3.0 में अपने कार्यस्थल की लोकेशन एवं फोटो अपलोड करने के बाद सारा कार्य संबंधित संकुल के लिपिकों द्वारा ( यदि संकुल चाहें तो कुछ तकनीकी रूप से दक्ष शिक्षकों को अपने कार्यालय में कुछ समय के लिए बुला सकते थें ) किया जाना था, परन्तु इसे शिक्षकों के हाथों में सौंपकर जहां एक ओर परीक्षा के समय वे सायबर कैफे के चक्कर लगाने से उनका कीमती समय बर्बाद हो रहा है।

### भागवत कथा श्रवण से मानव जीवन को मिलती है सही दिशा

## शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत पुराण एवं पंच कुण्डीय विष्णु यज्ञ हुआ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



समीपस्थ ग्राम लखाखेरा में शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत पुराण एवं पंच कुण्डीय विष्णु यज्ञ का विधिवत शुभारंभ हुआ। आयोजन के प्रथम दिन गांव का माहौल पूरी तरह भक्तिमय नजर आया।

वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के पश्चात सायंकाल कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला, पुरुष एवं बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल हुए। शोभायात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर पारंपरिक वेशभूषा में श्रद्धा भाव से चल रही थीं, जबकि पुरुष श्रद्धालु भगवा ध्वज लिए भजन-कीर्तन और धार्मिक जयघोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे।

गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से संपूर्ण ग्राम भक्तिरस में सराबोर हो गया।

शोभायात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए कथा स्थल श्री सिद्ध बाबा नवग्रह वाटिका पहुंची, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के साथ धार्मिक कार्यक्रम आगे बढ़ाया गया।

कथा व्यास के राष्ट्रीय प्रवक्ता पं. नितिन देव महाराज श्री चित्रकूट धाम ने श्रीमद् भागवत कथा के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा श्रवण से मानव जीवन को सही दिशा मिलती है तथा भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का संचार होता है। श्रद्धालुओं ने कथा का भावपूर्वक श्रवण किया।वहीं यज्ञाचार्य आचार्य पं. शअनुज शास्त्री महाराज वृंदावन के आचार्यत्व में पंच कुण्डीय विष्णु यज्ञ की प्रारंभिक विधियां विधिविधान से संपन्न कराई गईं। यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो उठा। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, व्यवस्था एवं सुरक्षा को लेकर समुचित प्रबंध किए गए हैं।

श्रीमद् भागवत पुराण एवं पंच कुण्डीय विष्णु यज्ञ का आयोजन 6 फरवरी तक निरंतर चलेगा, जिसमें प्रतिदिन कुंती स्तुति, परीक्षित शाप, ध्रुव-प्रह्लाद चरित्र, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा, महारास लीला, रुक्मिणी विवाह एवं सुदामा चरित्र जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा।

कार्यक्रम का समापन 6 फरवरी को पूर्णाहुति, विशाल भंडारा एवं विदाई समारोह के साथ किया जाएगा। कथा पारायण का समय प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा कथा प्रवचन दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह संपूर्ण आयोजन ग्राम लखाखेरा के समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न किया जा रहा है।

## दो तस्कर गिरफ्तार, 2.80 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



ढीमरखेड़ा पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनो आरोपित बाइक से गांजा की तस्करी कर रहे थे। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश, एएसपी डॉ संतोष डेडरिया एवं एस.डी.ओ.पी. श्रीमति आंकाक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन, थाना प्रभारी ढीमरखेडा निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में की गई।

पुलिस के अनुसार ग्राम पिंडरई मोड़ नहर के पास दो व्यक्ति डीलक्स मोटर सायकिल में जा रहे थे जो पुलिस को देखरकर घबरा गये और भागने की कोशिश करने लगे जिसे हमराह स्टाफ घेराबंदी कर पकडा। नाम पता पूछने पर अपना नाम संदीप कुमार कोरी पिता सुरेश कोरी 32 साल निवासी ग्राम नैगवां थाना उमरिया पान एवं परमेश्वर उर्फ छोटू पटेल पिता फूलचंद पटेल 40 साल निवासी करही थाना उमरियापान का होना बताया। उनकी मोटर सायकिल में रखे बैग से 2 किलो 80 ग्राम गांजा बरामद किया गया। प्रकरण में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एन यू 8316 को जप्त किया गया और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें जिला जेल झिंझरी दाखिल किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक चौबे, सुरेश सउनि जयपाल सिंह, सउनि संतोष विश्वकर्मा, आर पंकज सिंह, डुमनदास, गंधर्व की भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### गोपनीय सामग्री एवं प्रश्न पत्रों का वितरण 6 फरवरी से

**कटनी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2026 हेतु परीक्षाओं की गोपनीय सामग्री एवं प्रश्न पत्रो का वितरण 6 फरवरी से किया जायेगा। विकासखंड बहोरीबंद, ढीमरखेडा, बड़वारा एवं विजयराघवगढ़ के 59 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षाओं की गोपनीय सामग्री एवं प्रश्न पत्रो का वितरण 6 फरवरी को और विकासखंड कटनी एवं रीठी के 35 परीक्षा केन्द्रो में सामग्री वितरण 7 फरवरी को प्रातः 10 बजे से समन्वयक केन्द्र, शासकीय उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर कटनी से किया जावेगा। जिले में बोर्ड परीक्षाओ हेतु 94 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी ने सभी परीक्षा केन्द्रो के संस्था प्रमुखों और प्राचार्य को निर्देशित किया है कि नियत तिथि एवं स्थान में जिम्मेदार कर्मचारी सहित दो ताले वाले पेटी, दो भृत्य सहित वितरण केन्द्र में उपस्थित होकर केन्द्राध्यक्ष के साथ प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाये प्राप्त करें। परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष वितरण केन्द्र में निर्धारित समयावधि में उपस्थित न होने पर मण्डल के नियम निर्देशो के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

### विद्यार्थियों को दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण

**कटनी।** शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने हेतु कैमोर विज्ञान महाविद्यालय में जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमपी स्वर्णकार के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक आफरीन अली के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में जैविक खेती की आवश्यकता के अंतर्गत मिट्टी की उर्वरता और संरचना का संरक्षण, जल और वायु प्रदूषण से बचाव, खेती की लागत कम करना, उपभोक्ताओं को शुद्ध सुरक्षित और पोषक अन्न उपलब्ध कराना, सतत विकास और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने की जानकारी दी गई। साथ ही देसी गाय के गोबर तथा गोमूत्र का जैविक खेती में उपयोग की जानकारी दी गई। बताया गया कि देसी गाय के 1 ग्राम गोबर में 300 से 500 करोड़ सूक्ष्म जीवाणु पाए जाते हैं जबकि विदेशी गाय के 1 ग्राम गोबर में 78 लाख सूक्ष्म जीवाणु पाये जाते हैं। देसी गाय के गोमूत्र में 33 प्रकार के तत्व पाए जाते हैं। गोमूत्र का उपयोग बीज उपचार, कीटनाशक, शीघ्र खाद एवं पौध पोषण में उपयोग की जानकारी दी गई।

### UGC कानून को लेकर प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**बरही।** तहसील अंतर्गत खितौली क्षेत्र के पूर्व सांसद प्रतिनिधि व भाजपा नेता रामलाल गुप्ता ने UGC कानून को लेकर मोदी सरकार का बड़ा फैसला UGC ACT ही नहीं अब USC संस्था होगी समाप्त। अनुसुचित जाति जनजाति ओबीसी महिलाओं दिव्यांग और अल्पसंख्यकों के खिलाफ किसी भी तरह के भेदभाव को रोकने पर केन्द्रित किया गया है इसमें भेदभाव को अनुचित व्यवहार बहिष्कार या अवसरों से वंचित करना माना गया है अब संस्थानों के लिए इन नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा यह यूजीसी कानून व्यवस्था लागू करने पर सांसद प्रतिनिधि ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर अनुरोध किया है की सवर्णो को देखते हुए यूजीसी एक्ट कानून वापस लिया जावें।

### बकाया करों की वसूली हेतु सामूहिक दल गठित

**कटनी।** वित्तीय वर्ष की समाप्ति को दृष्टिगत रखते हुए बकाया करों की वसूली कार्य में प्रगति लाते हुए निर्धारित लक्ष्य अनुरूप बकाया करों की राशि वसूली हेतु निगमायुक्त श्रीमती हरसिमरन प्रीत कौर द्वारा सामूहिक दल का गठन किया जाकर अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौंपे है। निगमायुक्त ने गठित दल को प्रति सप्ताह शनिवार को आपसी सामंजस्य स्थापित कर वार्ड का चयन करते हुए बकायेदारों से संपर्क कर नियमानुसार कुर्की, वारंट एवं नल विच्छेदन की कार्यवाही करते हुए बकाया करों की राशि निगम कोष में जमा कराते हुए प्रति सप्ताह की कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिए है।

---

#### कलेक्टर ने कहा आवेदनों के निराकरण में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जायेगी

# लापरवाही पर बरसे कलेक्टर, पटवारी को निलंबित करने एवं कार्यपालन यंत्री को नोटिस जारी करने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



समय-सीमा में लंबित आवेदनों के निराकरण के प्रति अधिकारी गंभीर, जवाबदेह और संवेदनशील बनें। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश शुक्रवार को समय-सीमा में निपटारे के लिए लंबित आवेदन-पत्रों पर की गई कार्रवाई की आवेदन वार समीक्षा के दौरान दिया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी निगमायुक्त सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं।

कलेक्टर ने कहा कि विभागीय अधिकारियों द्वारा नियमानुसार निराकृत हो सकने वाले आवेदन-पत्रों में की गई कार्यवाही से प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। श्री तिवारी ने अधिकारियों को दो टूक लहजे में कहा कि समय-सीमा आवेदनों के निराकरण में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने सीमांकन और नामांतरण के लंबित आवेदनों के लिए जवाबदेही तय कर कार्यवाही करने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री तिवारी ने नगर निगम से संबंधित समय-सीमा के लंबित टीएल में उत्तर नहीं प्रस्तुत करने पर संबंधित शाखा प्रभारी कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह एवं नागेन्द्र पटेल को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने हाउसिंग बोर्ड इन्द्रा ज्योति कॉलोनी निवासी गोपी कोल के रिकार्ड दुरूस्ती समय-सीमा में नहीं करने पर पर कलेक्टर ने छपरवाह के पटवारी मानसिंह बागरी को निलंबित करने एसडीएम को निर्देशित किया। बताया गया कि पटवारी ने शिकायत प्राप्त होने के बाद रिकार्ड दुरूस्ती का कार्य संपादित किया था। कलेक्टर श्री तिवारी ने कटनी शहर के सुरेन्द्र कुमार के लंबित आवेदन में तत्काल नकल प्रदाय करने और नरेश कुमार यादव निवासी ग्राम पंचायत बंधी तहसील स्लीमनाबाद के किसान सम्मान निधि संबंधी आवेदन का निराकरण करने और संबंधित पटवारी से स्पष्टीकरण तलब करने का निर्देश दिया है। इसी प्रकार कटनी के वार्ड नंबर 3 गहाई कलोनी मंडी रोड मुड़वारा निवासी शिव आशीष गुप्ता के सीमांकन कार्य का भी शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये।

## नायब तहसीलदार व पटवारी को थमाया शोकाज नोटिस, 7 दिन में जवाब तलब

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नामांतरण के एक मामले में 80 दिनों से अधिक की देरी करने पर कलेक्टर आशीष तिवारी ने बिलहरी के नायब तहसीलदार इसरार खान से स्पष्टीकरण मांगा है और बिलहरी के हल्का पटवारी सचिन श्रीवास्तव को 'कारण बताओ सूचना पत्र' जारी किया है। बीते मंगलवार 27 जनवरी को रीठी में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आवेदक श्री सुनील कुमार ने कलेक्टर श्री तिवारी को अपनी शिकायत में बताया कि अपनी खरीदी गई भूमि के नामांतरण के लिए उन्होंने 19 सितंबर 2025 को लोक सेवा गारंटी के तहत आवेदन किया था। इस आवेदन के निराकरण की अंतिम समय-सीमा 5 नवंबर 2025 तय थी, लेकिन अभी तक भी नामांतरण नहीं हुआ। इसके बाद कलेक्टर श्री तिवारी ने नायब तहसीलदार श्री इसरार खान को स्पष्टीकरण जारी करते हुये कहा कि आपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन और शासन की प्रकिया का पालन न करते हुये निर्धारित समय-सीमा बीत जाने के उपरांत भी 80 दिनों से बिना युक्तियुक्त कारण के आवेदन को लंबित रखा, जो लोक सेवा गारंटी अधिनियम के विपरीत है, क्यों न अधिनियम में प्रावधानित शास्ति धारा-7 के अधीन सेवा प्रदाय करने में विलंब हेतु आप के विरूद्ध शास्ति अधिरोपित की जावे।

कलेक्टर ने पटवारी सचिन श्रीवास्तव को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुये कहा है कि आपका यह कृत्य संदर्भित पत्र एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के जारी परिपत्र के दिशा निर्देशों की अवहेलना तथा पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में उदासीनता, एवं शासन के कार्यो के प्रति लापरवाही परिलक्षित करता है, जो लोकसेवक पद के अपेक्षित आचरण के विपरीत होकर म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 का उल्लंघन है। इस हेतु क्यों न आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावे। उक्त के संबंध में 7 दिवस में अपना जवाब प्रस्तुत करें, नियत अवधि में प्राप्त जवाब संतोषप्रद न होने की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

---

# करोड़ों के वसूली प्रकरण में ननि को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




राजीव गांधी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स (वाणिज्य केंद्र) से जुड़े बहुचर्चित प्रकरण में न्यायालय के नये फैसले के बाद नगर निगम को 45 करोड़ रुपये की संभावित वसूली से फिलहाल बड़ी राहत मिली है। इस निर्णय से न केवल निगम की संपत्तियों पर मंडरा रहा कुर्की का खतरा टल गया है, बल्कि शहर के विकास कार्यों के लिए आवंटित बजट भी सुरक्षित हो गया है।

### बैठक में बनाई रणनीति

ठेकेदार मेसर्स खुशीराम एंड कंपनी के साथ चल रहे इस विवाद में नगर निगम को पूर्व में आर्बिट्रेशन, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक से निराशा हाथ लगी थी। ब्याज सहित यह राशि बढ़कर 45 करोड़ रुपये तक पहुँच चुकी थी। स्थिति इतनी गंभीर थी कि वर्ष 2019 से चल रहे निष्पादन प्रकरण के दौरान न्यायालय ने निगम के बैंक खातों और अचल संपत्तियों की जानकारी तलब कर ली थी। नगर निगम के प्रशासनिक तंत्र और निर्वाचित परिषद ने इस आर्थिक संकट से निपटने के लिए एकजुटता दिखाई। 28 नवंबर 2025 को परिषद की बैठक में इस मुद्दे पर गहन चर्चा हुई।

महापौर, निगम अध्यक्ष और आयुक्त ने सर्वसम्मति से मामले में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने के लिए विशेष विधिक रणनीति तैयार की। अधिवक्ता मिथिलेश जैन को निगम की पैरवी के लिए चुना। अधिवक्ता मिथिलेश जैन द्वारा कोर्ट में निगम की ओर से पक्ष रखा गया कि कमर्शियल कोर्ट अधिनियम की धारा 10 के तहत यह निष्पादन प्रकरण कटनी न्यायालय में चलने योग्य ही नहीं है। जिसे कोर्ट ने स्वीकार लिया। 29 जनवरी 2026 को न्यायालय द्वारा निष्पादन कार्यवाही समाप्त करने के आदेश से नगर निगम प्रशासन ने राहत की सांस ली है। यदि यह राशि निगम के कोष से कटती तो शहर की मूलभूत सुविधाओं और विकास योजनाओं पर इसका सीधा असर पड़ता।

---

#### मॉडल प्रतियोगिता के विजेताओं को वितरित किये गये पुरस्कार

# आर्गेनिक फार्मिंग एवं मशरूम कल्टीवेशन पर वर्कशाप का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन 28-29 जनवरी को आयोजित हुआ। जिसका विषय आर्गेनिक फार्मिंग एवं मशरुम कल्टीवेशन था। वर्कशॉप का आयोजन प्राचार्य इंद्र कुमार के संरक्षण एवं ईको क्लब संयोजक डॉ प्रवीण गर्ग एवं सह संयोजक डॉ अजय कुमार गोंड के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। वर्कशॉप में पहले दिन मुख्य वक्ता के रूप में डॉ आर.एस. दुबे, कृषि अफसर (रिटायर्ड) उपस्थित थे। जिन्होंने बच्चों को जैविक खेती का महत्व तथा उससे होने वाले फायदों से अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि हम कीटनाशक या रासायनिक खाद का उपयोग न करके जैविक खाद व जैविक उर्वरक का उपयोग करें और हमारी फ़सलों को सुरक्षित रखें। वर्कशॉप के दूसरे दिन मुख्य वक्ता डॉ एस आर नावांगे सर उपस्थित थे जिन्होने मशरुम की खेती तथा उससे होंने वाली उपज के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आजकल लोग कम लागत में ज्यादा और अच्छी मशरुम की उपज कर सकते है।

### इनको दिये गये पुरस्कार

वर्कशॉप में बच्चो के द्वारा आर्गेनिक फार्मिंग के ऊपर मॉडल भी बनाये गए एवं उनसे होने वाले प्रभाव को बताया जिसमे मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान (नीलम लोधी,द्वितीय स्थान सायना खान व तीसरा स्थान तृतीय मुस्कान लोधी को मिला, जिन्हे पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम के अंत मे सभी प्रतिभागियों को फ़ाइल फोल्डर, राइटिंग पैड, पेन, सर्टिफिकेट प्रदान किये गए। इसके साथ ही अन्य गतिविधियों के पुरस्कार वितरण भी किये गए।

इस दौरान सुश्री दिव्या तिवारी, नवीन गौतम, डॉ आशीष सोनी, डॉ प्रवीण तिवारी, डॉ ज्योति ताम्रकार, श्रीमती मंजू द्विवेदी, पूजा साहू, डॉ सरिता कुशवाहा, आरती तिवारी, डॉ प्रीति तिवारी, डॉ रश्मि पाण्डेय, डॉ खुशबु श्रीवास्तव एवं समस्त स्टाफ का योगदान रहा।

---

#### विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए कैरियर काउंसलिंग मेला




शासकीय बुद्ध सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेवरी में 27 से 31 जनवरी 2026 तक चलने वाले करियर मेला में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के मार्गदर्शन हेतु करियर काउंसलिंग मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों की जानकारी प्रदान कर उन्हें सही करियर चयन में सहयोग देना है।कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों, रोजगार के अवसरों सहित विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया जाएगा, जिससे वे अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार करियर का चयन कर सकें।इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य मनोज हल्दकार ने कहा कि करियर काउंसलिंग मेला विद्यार्थियों को सही दिशा देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जिससे वे अपने भविष्य के प्रति सजग और आत्मनिर्भर बन सकें।कार्यक्रम की नोडल प्रभारी रितु मिश्रा ने बताया कि मेले में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की सहभागिता रहेगी और विद्यार्थियों को व्यक्तिगत काउंसलिंग का भी अवसर मिलेगा।संस्था परिवार ने सभी विद्यार्थियों से इस करियर काउंसलिंग मेले में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ उठाने की अपील की है।करियर काउंसलिंग मेले में उषा मिश्रा, बंदना हल्दकार,आराधना मिश्रा,बलवीर सिंह,विनोद चक्रवर्ती,पंकज सोनी,जया कुशवाहा का विशेष सहयोग रहा।

---

# पेयजल समस्या से निपटने हेतु बेहतर कार्य योजना तैयार करने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला पंचायत के सभा कक्ष में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन पर अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई। सदन में कहा गया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं नियत समय सीमा का विशेष ध्यान करते हुए निर्माण कार्य कराए जाएं। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रीष्मकाल में नागरिकों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता हेतु तत्परता पूर्वक कार्रवाई करें। पेयजल संकट से निपटने हेतु बेहतर कार्य योजना तैयार करें। निर्धारित एजेंडा के अनुसार विस्तार से विभागबार चर्चा हुई। मरम्मत योग्य हैंडपंप में सुधार कार्य कराने पर चर्चा हुई।

विद्युत विभाग,ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारियों को जन समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निराकरण करने और सुदूर सड़कों और अन्य विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यों के निर्माण में गुणवत्ता, आवश्यकता और प्राथमिकता को ध्यान में रखकर कार्य कराया जाए।

बैठक में उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, जिला पंचायत सदस्य अजय गोटियां, प्रदीप त्रिपाठी, श्रीमती कविता राय, श्रीमती रीना लोधी, श्रीमती संगीता देवी पटेल, प्रेमलाल केवट, सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, विधायक प्रतिनिधि उदयराज सिंह और अजय मिश्रा,एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी सहित जनपद पंचायत के अध्यक्ष व

---

#### रामलीला मैदान से तहसील कार्यालय तक निकाली गई रैली

# यूजीसी के खिलाफ सवर्ण समाज ने जुलूस निकालकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



सरकार द्वारा लाये गए यूजीसी कानून के खिलाफ बड़वारा नगर में सवर्ण समाज के लोगों ने संगठित होकर यूजीसी कानून के विरोध में बड़वारा के रामलीला मैदान से पोस्टर बैनर हाथों में लेकर विशाल रैली निकालकर नगर भृमण करते हुए यूजीसी कानून खत्म करो , सवर्णो के साथ अन्याय शोषण बंद करो के नारे लगाते हुए भारी संख्या में बड़वारा तहसील कार्यालय पहुंचकर बड़वारा तहसीलदार ऋषि गौतम को ज्ञापन सौंपा। जिसमे ब्राह्मण, क्षत्रिय ,वैश्य,कायस्थ समाज के लोग सम्मिलित हुए।

वक्ताओं ने कहा कि शासन एक तरफ हिन्दू राष्ट्र बनाने की बात कर रही है वहीं दूसरी ओर हिंदुओं को विभाजित करने की साजिश की जा रही है। सरकार के द्वारा लाये यूजीसी कानून का स्वर्ण समाज के लोग विरोध एवम निंदा करते हैं यदि सरकार इस कानून को वापस नही लेगी तो आने वाले दिनों में विरोध प्रदर्शन उग्र होगा जिसकी जबाबदेही शासन प्रशासन की होगी।

### इन बिंदुओं पर सौंपा ज्ञापन

1- यूजीसी कानून के विवादास्पद प्रावधानों पर पुनर्विचार किया जाए। 2- शिक्षक छात्रों एवं शैक्षणिक विशेषज्ञों से व्यापक परामर्श लिया जाए। 3- उच्च शिक्षा संस्थानों की स्वायत्तता और अकादमी स्वतंत्रता सुनिश्चित की जाए । 4- शिक्षकों एवं कर्मचारियों के अधिकारों एवं सेवा शर्तों की रक्षा की जाए। यह कानून उच्च शिक्षा की स्वायत्तता एवम शिक्षकों के अधिकारों तथा छात्रों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला प्रतीत होता है अतः इसे तत्काल वापस लिया जाए। बड़वारा थाना पहुंचकर थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंप कर बताया कि आगामी 1 फरवरी 2026 को यूजीसी कानून के विरोध में शांति पूर्ण तरीके से बंद रखा जाएगा जिसके लिए सभी व्यापारियों ने भी अपना समर्थन देने की बात कही है।

इस दौरान जनपद सदस्य सुनील सिंह, संतोष दुबे, डॉ राजेश सिंह चौहान,पीडी गर्ग, सतीश द्विवेदी, प्रिंस गुप्ता, विनोद गुप्ता, लाला महाराज, अज्जू सोनी, ललन सिंह, राणा सिंह, दिनेश गुप्ता, बल्लू गुप्ता, उमाकांत निगम, घनश्याम शर्मा, पुष्पराज गुप्ता, भैया पंडित,महेंद्र नायक, अरुण निगम, राजनारायण निगम, शिवाकांत निगम, अनुराग गुप्ता, अनुज गुप्ता, डब्लू शर्मा, विनोद कुशवाहा,ब्रजेश गुप्ता, शुभम गुप्ता एवं क्षेत्रीयजन मौजूद रहे।

---

#### सांदीपनि शासकीय उमावि मे आयोजित हुआ कैरियर मेला

# विद्यार्थी अपनी रूचि के अनुसार कैरियर का चयन कर आगे बढ़ें

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद




विद्यालयों मे अध्ययनरत विद्यार्थियों को भविष्य मे उनके कैरियर से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान करने कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम मे सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमानबाद मे पांच दिवसीय कैरियर मेला आयोजित किया जा रहा है।

शुक्रवार को कैरियर काउंसलिंग आयोजित की गईं है जिसमें ब्लॉक काउंसलर काजल बड़गैया व डॉ शैलेन्द्र जाट के द्वारा विद्यार्थियों से सहज संवाद किया गया। इस दौरान कैरियर से जुड़ी जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। साथ ही विद्यार्थियों की आवश्यकता व क्षमता अनुरूप कैरियर निर्धारण करने उन्हें प्रेरित किया गया।

कैरियर मार्गदर्शन की आवश्यकता, उद्देश्य, संबंधित क्षेत्र व अवसर तथा विषय पर आधारित कार्य क्षेत्र, दसवीं के बाद विषय का चुनाव तथा 12वीं व स्नातक के पश्चात कैरियर के अवसर पर मार्गदर्शन भी दिया गया। वहीं कैरियर संबंधित विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया साथ ही कहा कि विषय का चयन रूची अनुसार करें और आगे बढ़े। विषय को ध्यान में रखकर आगे बढ़े। कॅरियर का सही चुनाव होने पर जीवन मे खुशियां ही खुशियां आ जाती हैं जिंदगीभर प्रसन्नता रहती है।

### सफलता का दिया मंत्र

मास्टर ट्रेनर काजल बड़गैया के द्वारा छात्र-छात्राओ को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल करे इसका मूल मंत्र दिया गया। कैसे आईएएस,आईपीएस व आईएफएस बन सकते है,इस पर विस्तृत जानकारियां दी गई। अन्य प्रतियोगी परीक्षा जैसे रेलवे, एसएससी,बैंक कर्मी ,सहायक ग्रेड 2 व 3 सहित अन्य पदों पर नॉकरी पाने कैसे प्रतियोगी परीक्षाओ मैं सफलता हासिल की जा सकती है इसकी जानकारियां दी गई। साथ ही कहा गया कि प्रयास करने वालो की कभी हार नही होती है जिनके मन की इच्छा कुछ बनने की होती है तो वो उसका लक्ष्य निर्धारण कर अपनी तैयारियां करते है। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को कैरियर काउंसलिंग के तहत कैरियर योजना, कौशल आधारित रोजगार के महत्व, उच्च शिक्षा के विकल्प, विदेश में पढाई के लिए आवश्यक प्रक्रिया, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी , छात्र उद्यमिता के बारे में संवाद, उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता के विकल्प, स्थानीय रोजगार के अवसर, प्रेजेंटेशन एवं ब्रोशर के माध्यम से संवेदात्मक और रोचक तथा विद्यार्थियों के विचार को महत्व देते हुए उनके कैरियर से संबंधित प्रश्नों के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान प्राचार्य डी के ठाकुर, शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी,कैरियर काउंसलिंग प्रभारी रेखा सिंह,उइके मेडम, कृष्णा दुबे,सविनय तिवारी, राकेश रैदास, गुरूप्रशन्न बैरागी, दीपिका तिवारी, हेमपुष्पा, पंकज कुशवाहा, चमन रजक, अमन दुबे, कंचन पाण्डे व व्यावसायिक शिक्षक पूनम दाहिना उपस्थित रही।

---



# बापू की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस पर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा में महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दिन में 11 बजे दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

बापू की तस्वीर में पुष्प सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थिति चिकित्सक डॉ देवेंद्र सिंह एवम आर जी तिवारी एन. एम. ए के द्वारा कुष्ट रोग पखवाड़े का शुभारंभ भी किया गया।

कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा कुष्ट रोग के प्रति की गई अपील का वाचन भी किया गया एवम उपस्थित लोगों को कुष्ट रोग के प्रति संकल्प दिलाया गया।

इस दौरान डॉ राम गोपाल गुप्ता,डॉ गायत्री शरण तिवारी,डॉ नीरज विश्वकर्मा, बीसीएम मुकेश चौहान, बीई पीरन बी, सुपर वाईजर अनिल पांडे, स्टाफ नर्स आशा चक्रवर्ती, निर्मला सेन, माया ठाकुर, फार्मा सिस्ट जगदीश बाथरे, पुष्पा पटेल,अर्चना दाहिया ,अरुणा मेडम, एवम आशा पर्यवेक्षक तथा आशा कार्यकर्ताएं उपस्थित रहीं।

**खास बातें**

## कुम्हारी थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों से किया संवाद

**दमोह।** साइबर जागरूकता अभियान के तहत कुम्हारी थाना प्रभारी बृजेश पांडे ने मझगंवा हंसराज गांव के हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों से संवाद किया, थाना प्रभारी ने छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम और डिजिटल अरेस्ट, सोशल मीडिया के दुरुपयोग के सम्बंध में बताते हुए सावधानी और सतर्कता बरतने की अपील की और महिला हेल्पलाइन, सेवाओं आदि की जानकारी दी। थाना प्रभारी बृजेश पांडे ने विद्यार्थियों को बताया कि आप अनजान नंबर से संपर्क ना करें सोशल मीडिया पर अपरिचित व्यक्तियों से संपर्क में ना आए ना ही उन्हें अपनी कोई आवश्यक जानकारियां दें,छात्राओ से कहा कि आप सभी अपनी फोटोज और निजी जानकारियां सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने से बचे ताकि आप सुरक्षित रहे क्योंकि हैकर आपकी तस्वीरों और निजी जानकारी का दुरुपयोग कर सकते हैं।

## एसपी कार्यालय के सामने रोज हो रहे हादसे

**छतरपुर।** सागर नेशनल हाईवे पर स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के ठीक सामने सड़क पर स्पीड ब्रेकर न होने के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के चलते यह इलाका दुर्घटनाओं का प्रमुख केंद्र बन गया है। एसपी कार्यालय में आने-जाने वाले फरियादी, पुलिस कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के छात्र और आम नागरिक सड़क पार करते समय अपनी जान जोखिम में डालने को मजबूर हैं।

### कार्यशाला में दी गई अहम जानकारियाँ

# मध्यप्रदेश प्रशासनिक ईकाई पुनर्गठन अयोग की जिला अधिकारियों के साथ हुई प्रथम बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्यप्रदेश प्रशासनिक ईकाई पुनर्गठन अयोग के अध्यक्ष श्री एस.एन मिश्रा, सचिव श्री अक्षय कुमार सिंह और सदस्य श्री मुकेश शुक्ला की गरिमामय मौजूदगी में जिला कार्यालय सभाकक्ष में फील्ड स्तर पर काम काने वाले अधिकारी-कर्मचारियों और जिला स्तर के अधिकारियों की प्रशिक्षण उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी सहित एडीशनल कलेक्टर श्रीमति मीना मसराम, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस तथा जिला अधिकारी एवं तहसीलदार, सीईओ जनपद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




मध्यप्रदेश प्रशासनिक ईकाई पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष श्री एस.एन मिश्रा ने भौगोलिक परिस्थितीयों एवं जन अपेक्षाओं के आधार पर अधिक जनोन्मुखी एवं सुलभ प्रशासन के संबंध में विस्तार से बात रखी। उन्होंने कहा जिला, तहसील, अनुविभाग प्रशासनिक सीमाओं के युक्तियुक्तिकरण के संबंध मे कोई सुझाव या प्रस्ताव जिला भेजना चाहता है, प्रशासनिक दक्षता कैसे बढ़े, इस संबंध में अपनी अनुशंसाए और सुझाव देना आदि पर विस्तार से बताया गया। इस दौरान प्रशासनिक ईकाईयों की पद संरचना और आकार पदो की आवश्यकता इनके युक्तियुक्तिकरण पर भी आपने विस्तारपूर्वक बात रखी।

मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष एस.एन. मिश्रा ने जिले के नवाचारो के संबंध में कहा कि 'संकट के साथी' ग्रुप के माध्यम से लोगो को सहायता मिल रही है और 'हेलमेट वितरण' जैसे कार्यक्रम यदि रोड सेफ्टी में 50 प्रतिशत तक प्रभाव ला रहे हैं, तो यह अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि बच्चों और नवयुवकों के लिए आयोजित अनुगूंज, हेल्पलाइन जैसे प्रयास सीधे तौर पर सकारात्मक पहल हैं और ये निश्चित रूप से एक मील का पत्थर साबित होंगे।

अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि इन नवाचारों को मुख्यालय स्तर पर और अधिक सशक्त तरीके से प्रचारित करने की आवश्यकता है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचे और अन्य जिले भी इस तरह की पहल को अपनाएं।

इस अवसर पर आयोग के सदस्य मुकेश शुक्ला ने कहा राज्य में प्रशासनिक ईकाईयो के पुनर्गठन की आवश्यकता का अध्ययन किया जा रहा है, इस प्रक्रिया में नागरिक सुविधाओं, जन- अपेक्षाओं और क्षेत्र की भौगोलिक स्थिती को भी ध्यान में रखा जायेगा। उन्होने प्रस्ताव तैयार करने में क्या-क्या बाते ध्यान में रखी जानी है, आदि के संबंध मे विस्तार से प्रकाश डाला।

अयोग के सचिव अक्षय कुमार सिंह ने कहा पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाये, वह आम नागरिको की आवश्यकता के अनुरूप हो। श्री सिंह नें इस बात पर जोर दियाकि दक्षता कैसे बढ़े पर अपना सुझाव दे। उन्होने कहा केवल सीमाओं तक बात न की जायें।

सचिव श्री सिंह ने अधिकारियों से कहा ट्रेनिंग/ पोर्टल आदि पर चिंतन करें, दक्षता कैसे बढ़ सकती है, इस पर अधिकारी सुझाव दे सकते है। श्री सिंह नें ब्लॉक स्तर के अधिकारियों और अन्य मौजूद ब्लॉक/ ग्राम लेवल के कर्मचारियों से रूबरू होकर उनकी बाते, समस्याएँ और सुझाव भी सुने और नोट भी किया। साथ ही कहा एक व्हाट्सअप ग्रुप बनाया गया है, उसमें भी सुझाव आदि दिए जा सकते है, आवश्यक होने पर उनके मोबाईल नंबर पर कॉल किया जा सकता है।

बैठक में कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर ने कहा आज इस आयोजित प्रशिक्षण सह-उन्मुखीकरण कार्यशाला में जो जानकारी मिली है, ओरिएंटेशन अधिकारियों को दिया गया है, हम आभारी है। उन्होने कहा आज इस कार्यशाला में जो गाइडेंस दिया गया है, पूरी बात स्पष्ट हो गई है, जिला टाइमलाइन में गुणवत्ता युक्त प्रस्ताव भेजेगा। उन्होने पॉवर पाइंट प्रजेटेंशन के माध्यम से जिले में संचालित योजनाओं/ कार्यक्रमा उल्लेखनीय गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की।

बैठक के प्रारंभ में आयोग के अध्यक्ष श्री मिश्रा, सदस्य श्री शुक्ला एवं सचिव श्री सिंह का कलेक्टर श्री कोचर एवं पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी और एडिशनल कलेक्टर मीना मसराम और सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने पौधा भेंटकर स्वागत किया। कार्यशाला में नोडल अधिकारी लोकसेवा प्रबंधक ने पी.पी.टी के माध्यम से पूर्ण जानकारी प्रस्तुत की।

## श्री भक्तमाल कथा में पधारे रामअनुग्रह दास छोटे सरकार



**हटा।** उपकाशी नगरी में नेमा कॉलोनी स्थित गौ कृपा कुंज में आयोजित चतुर्थ वार्षिक महोत्सव एवं श्री भक्तमाल कथा के पावन अवसर पर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह दिव्य आयोजन गौ सेवक पंडित अंशुल तिवारी के निज निवास पर श्रद्धा एवं विधि-विधान के साथ संपन्न हो रहा है। इस पावन अवसर पर श्रीराम अनुग्रह दास 'छोटे सरकार जी' का गौ कृपा कुंज में शुभागमन हुआ। उनके आगमन से संपूर्ण वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो उठा। गौ सेवक पंडित अंशुल तिवारी एवं उनके परिवार द्वारा श्री छोटे सरकार जी की भव्य अगवानी की गई। फूलों की वर्षा, शंख-नाद और भक्ति भाव के बीच जैसे ही भजन "मेरे सरकार आए हैं, संपूर्ण कॉलोनी भक्ति के आनंद में डूब गई। श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर दर्शन किए एवं संत कृपा से आशीर्वाद प्राप्त किया।महोत्सव के तृतीय दिवस भगवान श्री जगन्नाथ जी के लिए भव्य छप्पन भोग अर्पित किए गए। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण सुदामा मित्रता का प्रसंग सुनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

नगर के वार्ड 3 में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें एवं अंतिम दिन मुख्य रूप से सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष का वर्णन किया गया। कथा वाचक पंडित रघुनाथ दास रोहित नारायण मिश्रा ने कहा कि परोपकार से बढ़कर दूसरा कोई धर्म नहीं है यह भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र है जो सिखाता है कि निस्वार्थ भाव से दूसरों की मदद करना भी सबसे बड़ा पुण्य है। यह मानवीय सेवा करुणा और सहानुभूति का प्रतीक है जो समाज को एकता के सूत्र में पिरोता है। परोपकार ही सच्चा कर्म है जीवन का उद्देश्य केवल स्वयं का भला करना नहीं बल्कि दूसरों के काम आना चाहिए उन्होंने ने आगे कहा कि जीवन में धन दौलत,यौवन सब कुछ नश्वर है सिर्फ परोपकार से कमाया गया यस ही स्थाई रहता है इसलिए हमें अपने जीवन में परोपकार को अपनाए और मानवता की सेवा करे। उन्होने कृष्ण सुदामा की सच्ची मित्रता का प्रशंग सुनते हुए कहा कि सुदामा भगवान श्री कृष्ण के परम भक्त मित्र थे जो भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। गरीबी के बावजूद भी बे सदैव भगवान के ध्यान में लीन रहते थे।उनकी पत्नी सुशीला के बार बार आग्रह पर बे द्वारका पहुंचे। द्वारपालों द्वारा सूचना मिलने पर भगवान कृष्ण नंगे पैर दौड़कर आए और अपने मित्र को गले से लगा लिया। कृष्ण ने सुदामा की दीनदशा देखकर उनके आसू बहने लगे उन्हें सिंहासन पर बैठाकर उनके चरण धोए सभी पटरानियों ने भी सुदामा जी से आशीर्वाद लिया विदा होकर लौटने पर उन्होंने अपनी कुटिया के स्थान पर महल बना पाया अगले प्रशंग में बताया कि सुखदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन श्रीमद् भागवत कथा सुनाई इस कथा के श्रवण से उनके मन से मृत्यु का भय समाप्त हो गए और कथा के प्रभाव से बे भगवान के परमधाम को प्राप्त हुए।

उक्त अवसर पर मुख्य यजमान परमलाल किल्लकु सेन, कुशम रानी, डॉक्टर मुरलीधर सेन, मोहन सेन, शिवराम, मनोहर, विशाल, रामप्रसाद, प्रमोद, ब्रिजेश, धर्मेंद्र, दुर्गेश, सिल्लू, शिवचरण, सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## भगवती मानव कल्याण संगठन की विचारधारा से जुड़े 20 परिवार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जनपद पंचायत जबेरा की ग्राम पंचायत हरदुआ सड़क के ग्राम बंदर कोला में 5 घंटे का दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम के समस्त महिलाओं पुरुषों एवं बच्चों ने भाग लिया उक्त चालीसा के समापन के अवसर पर शक्ति जल प्रसाद वितरित किया गया उक्त अवसर पर भगवती मानव कल्याण संगठन के पदाधिकारियो ने संगठन की विचारधारा से सभी को अवगत कराते हुए बताया कि यह संगठन नशा मुक्ति मांसाहार मुक्त चेतना बान समाज बनाना चाहता है ग्राम के सभी परिवार सुरक्षित रहें सुख शांति से रहे तथा आने वाली पीढ़ी का सुधार हूं सभी बच्चे सु शिक्षित हो नेक बने, संस्कारी बने, धार्मिक बने। संगठन की उक्त विचारधारा से प्रेरित होकर के ग्राम के 20 परिवारों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की एवं नशा मुक्त मांसाहार मुक्त जीवन जीने का संकल्प लिया उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह ठाकुर किसान मोर्चा के ब्लॉक, अध्यक्ष प्रकाश धुर्वे, भीकम सेन ,लखन रैकवार, कमोद सिंह, सूरत सिंह आदि की उपस्थिति रही।

# नोहलेश्वर महोत्सव की प्रस्तुतियों हेतु हुये ऑडिशन

### 145 कलाकारों ने ऑनलाइन आवेदन किया 110 प्रतिभागियों ने दिया ऑडिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

दमोह जिले की जबेरा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले नोहटा में आगामी 5 फरवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 तक नोह लेश्वर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं इस भव्य सांस्कृतिक महोत्सव में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के लिए स्थानीय कलाकारों के चयन हेतु ऑडिशन का आयोजन नोहटा स्थित सामुदायिक भवन में किया गया। उक्त आयोजित ऑडिशन प्रक्रिया में 145 कलाकारों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया जिनमें से लगभग 110 कलाकारों के ऑडिशन लिए गए ऑडिशन में में गायन ,गायन नृत्य, लोक कला, नाटक एवं पारंपरिक प्रस्तुतियों से जुड़े कलाकारों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया चयन प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी एवं गुणवत्ता आधारित रही इस महोत्सव का आयोजन स्थानीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में संस्कृति पर्यटन मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह जी लोधी के द्वारा विगत 3 वर्षों से लगातार किया जा रहा है जो क्षेत्रीय संस्कृति लोक कलाओं और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। ऑडिशन प्रक्रिया में निर्णायक मंडल के रूप में उमेश यादव, संजय खरे ,बृजेंद्र राठौर, लाल सिंह यादव ,शैलेंद्र जैन, एवं रिंकू राज का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ सभी निर्णायकों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए निष्पक्ष मूल्यांकन किया आयोजकों ने जानकारी दी की जबेरा नगर में ऑडिशन का आयोजन आज दिनांक 31 जनवरी 2026 दिन शनिवार को जनपद सभागार जबेरा में किया जाएगा जिसके लिए अब तक 125 प्रतिभागियों ने ऑनलाइन पंजीकरण कर लिया है महोत्सव के प्रमुख आकर्षण (5 फरवरी से 10 फरवरी) स्थानीय कलाकारों के द्वारा विविध सांस्कृतिक शिविर पारंपरिक राई नृत्य एवं लोक प्रस्तुतियां किया 06 एवं 07 फरवरी स्थानीय सांस्कृतिक प्रस्तुतियां बुंदेली लोकगीत एवं स्वास्थ्य शिविर ,8 फरवरी स्थानीय प्रस्तुतियां बुंदेली लोकगीत किसान सम्मेलन एवं कृषि यंत्र कार्यशाला, 09 फरवरी पारंपरिक राई नृत्य ,स्थानीय प्रस्तुतियां एवं युवा संगम, 10 फरवरी पारंपरिक राई नृत्य स्थानीय प्रस्तुतियां एवं संकल्प से समाधान कार्यक्रम 11 से 15 फरवरी तक राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की भव्य प्रस्तुतियां। महोत्सव के द्वितीय चरण में 11 फरवरी से 15 फरवरी तक देश के ख्याति प्राप्त राष्ट्रीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे इन में प्रमुख श्री कैलाश खेर, अभी लिपसा पांडे श्री पुनीत इस्सर ,श्री हरि ओम पवार, श्रीमती आशा वैष्णव जी के द्वारा भव्य सांस्कृतिक एवं अविस्मरणीय प्रस्तुतियां दी जावेगी। यह नोहलेश्वर महोत्सव न केवल एक सांस्कृतिक उत्सव है बल्कि यह बुंदेलखंड की लोक परंपराओं स्थानीय कलाकारों एवं सामाजिक सरो कारों को सशक्त मंच प्रदान करने वाला एक महत्वपूर्ण आयोजन बनता जा रहा है मेला महोत्सव में मां पीतांबरा जन सेवा समिति भोपाल के संचालक वैभव सिंह सिसोदिया के द्वारा दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है इस मेला में स्थानीय कलाकारों के प्रदर्शन सहित जलपरी हॉट, एयर बलून,मारुति सर्कस, भूत बंगला,एडवेंचर एक्टिविटी भी आकर्षण का केंद्र रहेगें।



# यूजीसी कानून के विरोध में आमसभा

### तहसीलदार को सोपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

केंद्र सरकार द्वारा स्कूल कॉलेजो में लागू किए गए यूजीसी कानून के विरोध में आज स्वर्ण समाज समिति द्वारा ग्राम नकटी कचनारी के सिद्धेश्वर धाम पर एक आमसभा का आयोजन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर बापू को याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मंजुलता श्रीवास्तव एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत कचनारी के सरपंच नोने सिंह राजपूत द्वारा की गई। वशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य श्यामचरण पटेरिया रूपनारायण तिवारी दर्शन सिंह राजपूत, कार्यक्रम के सूत्रधार सफल त्रिवेदी अखिलेश तिवारी रहे। कार्यक्रम आयोजक जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गोलू उपाध्याय रहे। स्वर्ण समाज मार्गदर्शन मंडल के सदस्य श्यामाचरण पटेरिया दर्शन सिंह रूपनारायण तिवारी एवं मंजूलता श्रीवास्तव ने समस्त स्वर्ण समाज को एक जुट होकर यूजीसी जैसे काले कानून का विरोध करने एवं स्वर्ण समाज के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए सभी से सहयोग करने की अपील की समिति द्वारा मंच के माध्यम से कुछ पदाधिकारी की घोषणा भी की गई जिसमें गोलू उपाध्याय को सवर्ण समाज समिति का ब्लॉक प्रमुख अभिषेक पटेरिया को समिति का सचिव कृष्णपाल सिंह बुंदेला को समिति का महामंत्री एवं निलेश जैन को समिति का प्रचारक नियुक्त किया गया। ज्ञात हो कि स्वर्ण समाज समिति की यह दूसरी मीटिंग है प्रथम मीटिंग तालगांव में रखी गई थी, सभा को संबोधित करते हुए कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने युवा पीढ़ी का आवाहन करते हुए युवा वर्ग को इस संघर्ष में अपनी सहभागिता निभाने की बात कही। केंद्र सरकार द्वारा जो यूजीसी का यह काला कानून लाया गया है। जब तक सरकार इसे वापस नहीं लेती है तब तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी, कार्यक्रम के समापन पर नायब तहसीलदार राजेश सोनी को देश के महामहिम के नाम स्वर्ण समाज समिति द्वारा दो ज्ञापन सौंप गए जिसमें यूजीसी कानून को तत्काल वापस लेने एवं जगतगुरु शंकराचार्य जी को स्नान से वंचित किए जाने एवं साधु संतों के साथ की गई मारपीट करने वाले अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई, ज्ञापन सौंपने वालों में नोने सिंह राजपूत सरपंच ग्राम पंचायत कचनारी प्रदीप मिश्रा सरपंच मुराछ, सियाराम छिरौलिया गौरव दीक्षित अभिषेक पटेरिया निलेश जैन राजेश गुप्ता मेहरबान सिंह मनोज उपाध्याय योगेश सिंह साहिल राहुल सिंह मूरत मिश्रा जगदीश सिंह निर्भय सिंह अमित सिंह पुष्पेंद्र सिंह सहित सैकड़ो स्वर्ण समाज समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही आभार व्यक्त गजेंद्र सिंह राजपूत द्वारा एवं कार्यक्रम का सफल संचालन कृष्णगोपाल श्रीवास्तव द्वारा किया गया, स्वर्ण समाज समिति की आगामी बैठक एवं कार्यक्रम ग्राम मडियादो में किए जाने की घोषणा पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मंजूलता श्रीवास्तव द्वारा की गई।



## बड़ी धूमधाम के साथ मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शहर के असाटी वार्ड नंबर एक संस्कार भवन में सकज असाटी समाज द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण साप्ताहिक कथा का आयोजन में कथावाचक श्रद्धेय श्री नीरज नयन जी महाराज (श्रीधाम वृंदावन) द्वारा कथा श्रवण कराई जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हो रहे। साथ ही कथावाचक श्रद्धेय श्री नीरज नयन जी महाराज ने कहा कि भगवान वामन ने बली से उसकी संपत्ति नहीं छीनी उसका अहंकार छीना परमात्मा अगर किसी से कुछ लेता है तो उसका अहंकार लेता है, और उसे विनम्रता देता है बली के अहंकार कुछ विनम्रता प्रदान की। एवं उसके जीवन को कृतार्थ किया तीन पग का एक अर्थ है भगवान जिसको स्वीकार करते है उसको सत. रज.तम तीनों गुणों से परे कर देते है वह परमात्मा की अनुभूति का अनुभव करता है, और नंद का जो उत्सव है वह तो आप सभी जानते है बहुत ही दिव्या और भव्य असाटी समाज के प्रत्येक व्यक्ति के द्वारा जो अथक प्रयास किया गया है उसके परिणाम स्वरूप भगवान आनंद कंद श्याम सुंदर का बड़ा सुंदर ही दिव्य भव्त उत्सव यही सब आज के दिव्या उत्सव है। और नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जय करो के साथ ढोल नगाड़ों की धुन पर नाचते रहे एवं बड़ी धूमधाम के साथ कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया, इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे साथ ही श्री गौर राधा रमण मंदिर दमोह से पधारे वरिष्ठ पुजारी पंडित शिव प्रसाद दुबे, पंडित खिलेंद्र तिवारी का स्वागत सम्मान अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी ने किया।



## बुंदेली दमोह महोत्सव में दिनेश प्यासी हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बुंदेली गौरव न्यास द्वारा आयोजित बुंदेली दमोह महोत्सव के 17 दिवसीय इस महोत्सव में अनेक गणमान्य और सम्माननीय नगरिको का सम्मान किया गया। इसी श्रृंखला में बुंदेली दमोह महोत्सव के न नृत्यश्री प्रभारी एवं महोत्सव के उद्घोषक दिनेश प्यासी को उनके सराहनीय कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बुंदेली गौरव न्यास के आजीवन संरक्षिका डॉक्टर सुधा मलैया सिद्धार्थ मलेया प्रभात सेठ कैप्टन कैप्टन वादवा विवेक संडे आदि लोग उपस्थित रहे।

## गांधी जी की पुण्यतिथि पर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**दमोह।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर जबेरा महाविद्यालय में स्थापित गांधी जी की प्रतिमा पर जबेरा एनएसयूआई के विधान सभा अध्यक्ष प्रवीण राय के द्वारा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।उक्त अवसर पर राय ने कहा कि गांधी कभी मरा नहीं करते गोलियों की बौछारो से, गांधी जीवित हैं गांधीवादी विचार से, आज भी देश के कण-कण में गांधी वादी विचारधारा जीवित है। सत्य, न्याय और अहिंसा की लड़ाई को जिंदा रखे हुए हैं। सभी छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में गांधी जी के विचारों को लेकर के चलना चाहिए, जिससे वह बहुत आगे जाएंगें। इस मौके पर नगर अध्यक्ष विवेक तिवारी सहित अनेक छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। बुंदेली गौरव न्यास द्वारा आयोजित बुंदेली दमोह महोत्सव के 17 दिवसीय इस महोत्सव में अनेक गणमान्य और सम्माननीय नगरिको का सम्मान किया गया इसी श्रृंखला में बुंदेली दमोह महोत्सव के न नृत्यश्री प्रभारी एवं महोत्सव के उद्घोषक दिनेश प्यासी को उनके सराहनीय कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया गया इस अवसर पर बुंदेली गौरव न्यास के आजीवन संरक्षिका डॉक्टर सुधा मलैया सिद्धार्थ मलेया, प्रभात सेठ, कैप्टन वाधवा, विवेक संडे आदि लोग उपस्थित रहे।

खास बातें

## करंट लगने से किसान की मौत, तालाब पर सिंचाई मशीन चालू करते हुए हुआ हादसा

**तेंदूखेड़ा।** थाना अंतर्गत महंगवाकला गांव में शुक्रवार दोपहर एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई वह खेत में सिंचाई के लिए तालाब पर मशीन चालू कर रहा था तभी यह हादसा हुआ स्थानीय लोगों ने किसान को बेहोशी की हालत में देखा और तत्काल तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया मृतक की पहचान महगवाकला निवासी 55 वर्षीय हीरा सींग पिता करन सींग गौड़ के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, हीरा सींग गौड़ अपने खेत में पानी देने के लिए गांव के पास बने तालाब पर सिंचाई मशीन चालू करने गया था। मशीन चालू करते समय ही उसे करंट लग गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के चचेरे भाई गजराज गौड़ ने बताया कि दोपहर में हीरा खेत में पानी देने गए थे इसी दौरान तालाब पर मशीन चालू करते समय उन्हें करंट लगा और उनकी जान चली गई। घटना को लेकर एएसआई गजराज सिंह ठाकुर ने बताया कि किसान की करंट लगने से मौत की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कराया गया पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### यूजीसी कानून के विरोध में दमोह बंद का आह्वान

# यूजीसी कानून के विरोध में जिले में प्रदर्शन, कल बंद का आव्हान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

1 फरवरी को यूजीसी कानून के विरोध में तथा शिक्षा और बच्चों के भविष्य की रक्षा के उद्देश्य से 1 फरवरी को दमोह बंद का आह्वान किया गया है। इस दौरान शहर के समस्त व्यापारी, छात्र छात्राएं एवं जागरूक नागरिक एकजुट होकर विरोध दर्ज कराएंगे। दमोह बंद के अंतर्गत दोपहर 12 बजे अस्पताल चौराहे पर एकत्रीकरण किया जाएगा, जिसके पश्चात कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांग है कि यूजीसी कानून को तत्काल वापस लिया जाए, जिससे शिक्षा व्यवस्था और विद्यार्थियों के भविष्य को सुरक्षित रखा जा सके। इस संबंध में जानकारी देते हुए सत्यम चौबे ने कहा कि यह बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा और समाज के सभी वर्गों से इसमें सक्रिय भागीदारी की अपील की गई है। उन्होंने सभी व्यापारी भाइयों, छात्र छात्राओं एवं नागरिकों से दमोह बंद को सफल बनाने का आग्रह किया है।

इसके पूर्व आज दोपहर जटाशंकर परिसर में जागरूक युवाओं की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूजीसी कानून के लागू होने पर रोक लगाए जाने के आदेश का स्वागत करते हुए धन्यवाद दिया गया। साथ ही पूर्व घोषणा के अनुसार 1 फरवरी को घोषित भारत बंद के तहत दमोह बंद को भी सफल बनाने का निर्णय लिया गया। वहीं बैठक के बाद बाइक रैली के रूप में नगर भ्रमण करते हुए सभी व्यापारी बंधुओं आम नागरिकों से 1 फरवरी को आयोजित दमोह बंद को सफल बनाने की अपील की गई।

## यूजीसी के नए नियमों के विरोध में सामान्य वर्ग आया मैदान में

### नियमों में संशोधन एवं सामान्य वर्ग के हितों के संरक्षण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**हटा।** यूजीसी के नए नियमों के विरोध में करणी सेना, ब्राह्मण समाज एवं समस्त स्वर्ण समाज मैदान में आया। राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर नियमों पर पुनर्विचार करने और इसमें सामान्य वर्ग के हितों की सुरक्षा हेतु स्पष्ट प्रावधान जोड़े जाने की मांग की गई।
शुक्रवार को समस्त स्वर्ण समाज के तत्वावधान में सामान्य वर्ग द्वारा राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार आलोक जैन को सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने से पूर्व करणी सेना, ब्राह्मण समाज सहित समस्त सवर्ण समाज के लोग बीटीआई ग्राउंड में एकत्रित हुए। इसके पश्चात रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय की ओर रवाना हुए। रैली के दौरान प्रदर्शनकारी यूजीसी विनियम 2026 को वापस लेने की मांग करते हुए नारे लगाते नजर आए। ज्ञापन में बताया गया कि भारत सरकार के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी किए गए नए नियम शिक्षण संस्थानों में समानता के अधिकार की मूल भावना के विपरीत प्रतीत होते हैं। नए नियमो में संस्थान प्रमुखों पर सीधी जिम्मेदारी डालने से वे कानूनी कार्रवाई के डर से योग्यता के स्थान पर दबाव में निर्णय ले सकते हैं जिससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होगी। ज्ञापन में बताया गया कि भेदभाव रोकने के नाम पर जो कड़े प्रावधान किए गए हैं।

### स्वर्ण समाज के लोगों ने कहा कि यूजीसी द्वारा लागू

किया गया यह नियम उच्च शिक्षा संस्थानों में समता स्थापित करने के बजाय छात्रों के बीच आपसी सद्भाव को नुकसान पहुंचा रहा है। सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि इस नियम के लागू होने से झूठी शिकायतों और निराधार प्रकरणों की आशंका बढ़ गई है, जिससे विशेषकर स्वर्ण समाज के छात्र-छात्राओं में भय और असुरक्षा का वातावरण बन रहा है। उन्होंने एक स्वर में मांग की कि इस नियम को किसी भी स्थिति में लागू न किया जाए। तहसीलदार ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए उसे शासन स्तर तक भेजने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर करणी सेना, ब्राह्मण समाज सहित अन्य सभी सवर्ण समाज के लोग, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, युवा वर्ग एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

### साली की शादी समारोह में शामिल होने दमोह से जबलपुर जा रहा था मृतक शादी की खुशियां पलभर में मातम में बदली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

शुक्रवार की शाम 6 बजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत पाटन तेंदूखेड़ा मार्ग पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है घटना की सूचना राहगीरों द्वारा 108 वाहन और डायल 112 को दी गई जहां सूचना मिलते डायल 112 व 108 मौके पर पहुंची लेकिन तब तक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार राजेंद्र पिता रामजीलाल गौड़ उम्र 32 वर्ष निवासी खजरी मोहल्ला दमोह है जो कि दमोह से जबलपुर शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था लेकिन रास्ते में दर्दनाक मौत हो गई घटना की सूचना पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को दी गई जहां देर-रात



### साली की शादी में शामिल होने जा रहा था जबलपुर

घटना के संबंध में परिजनों द्वारा बताया गया मृतक युवक अपनी साली की शादी समारोह में शामिल में होने के दमोह से जबलपुर जा रहा था लेकिन रास्ते में दर्दनाक हादसा हो गया जहां शादी की खुशियां पलभर में मातम में बदल गई मृतक की पत्नी ने फोन पर बताया वह सुबह ही जबलपुर आई थी और राजेंद्र शाम को आने की कह रहा था राजेंद्र के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है वहीं हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार युवक के सिर का आधा हिस्सा छतिग्रस्त हो गया और कई जगह तक हिस्से पड़े रहे साथ ही बाइक सवार युवक हेलमेट पहने हुआ था लेकिन हेलमेट भी कई हिस्सों में टूटकर दूर जा गिरा बाइक भी सामने से बुरी तरह से छतिग्रस्त हो गई इस घटना को देखने वाले राहगीरों की रुह कंप उठी क्योंकि हादसा इतना भीषण था। वहीं सूचना मिलते ही तेन्दूखेड़ा थाना प्रभारी रावेन्द्र बागरी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की गई शव को 108 की मदद से स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई और राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है आज सुबह युवक का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## अति महारुद्र महायज्ञ मैं सम्मिलित होने केंद्रीय मंत्री सिंधिया को दिया निमंत्रण



हटा। बुंदेलखंड की धर्मपरायण नगरी उपकाशी हटा में देवश्री गौरीशंकर जी मंदिर परिसर में 5 फरवरी से 15 फ़रवरी तक आयोजित होने जा रहे अति महारुद्र महायज्ञ एवं भागवत कथा के आयोजन मैं आमंत्रित करने विधायक उमादेवी खटीक एवं पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष कुमार अनुराग वर्धन सिंह हजारी ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री श्रीमंत महाराज ज्यातिरादित्य सिंधिया जी के निज निवास पर सौजन्य भेंट कर अति महारूद्र महायज्ञ मैं सम्मिलित होने निमित्त आमंत्रण दिया। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष कुँ. अनुराग वर्धन सिंह हजारी एवं समिति सदस्यों की उपस्थिति रही।

## एक्पोजर विजिट में दीदी कैफे का किया भ्रमण



**दमोह।** पंचायतीराज मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज संस्थान जबलपुर ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा डिंडोरी जिले के जनपद पंचायत अमरपुर एवं समनापुर के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों का तीन दिवसीय एक्सपोज़र विजिट कराया गया जिसमें प्रतिभागियों को विकासखंड जबेरा के अंतर्गत दुर्गा स्व सहायता समूह के सदस्यों द्वारा संचालित कुकीज प्लांट एवं मां काली स्व सहायता समूह द्वारा संचालित दीदी कैफे का भ्रमण किया। ऐतिहासिक स्थल सिंगौरगढ़ के किले का भ्रमण कराया गया । आदर्श आदिसेवा केंद्र सिग्रामपुर ग्राम पंचायत का अवलोकन कराया गया एवं जिसमें प्रतिभागियों द्वारा उक्त सभी कार्यों की सराहना करते हुए अपने जनपद स्तर में संचालित करने हेतु कहा गया एक्सपोजर विजिट का मुख्य उद्देश्य नवाचार गतिविधियों को दिखाना और नए स्थान पर उन योजनाओं उन गतिविधियों का संचालन करना है उक्त एक्सपोज़र बजट में महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज संस्थान जबलपुर से अधीक्षक एवं स्टेट नोडल अधिकारी राजकुमार सिंह ठाकुर, एन आई आर डी कंसलटेंट सुशील कुमार भार्गव थेमेटिक एक्सपर्ट रामप्रसाद रजक सहित 55 लोग उपस्थित रहे।

# कैरियर मेला में विद्यार्थियों को मिले सही कैरियर चुनने के टिप्स




### विद्यार्थियों ने मार्गदर्शकों की ध्यान से सुनी बातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा



नगर के संदीपनी मॉडल उमा विद्यालय में कैरियर मेला आयोजित किया गया। प्राचार्य विवेक नेमा ने कैरियर मेला में तहसीलदार उमेश तिवारी नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल, डॉ वीरेन्द्र सिंह मेडीकल आफीसर दमोह, नरेन्द्र बजाज ब्यूरो चीफ हरिभूमि, सुरेन्द्र कटहरे प्राचार्य पीएम श्री कन्या विद्यालय पटेरा, प्रमोद परोहा, शिक्षाविद पटेरा को मार्गदर्शन के रूप में आमंत्रित किया गया था। मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी बाई एल अठया भी आमंत्रित किये गये थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में माँ सरस्वती जी का पूजन अर्चन विद्यालय परिवार एवं मार्गदर्शकों द्वारा किया गया। सभी मार्गदर्शकों का तिलक लगा कर पुष्पाहार से स्वागत विद्यालय परिवार द्वारा किया गया। संचालन कमलेश शर्मा ने किया। प्रारंभ प्रमोद परोहा ने शिक्षा के क्षेत्र व्यापक जानकारी देकर सदा मुस्कराते रहने का संदेश दिया। डॉ वीरेन्द्र सिंह जो कि समीपी एक छोटे से ग्राम के मूल निवासी है ने अपनी एमबीबीएस में सफलता का मूलमंत्र सभी को बताया। उन्होने विद्यार्थियों से उनकी रूचि के बारे में जानना चाहा एवं कहा कि आपको कड़ी मेहनत करना होगी तभी सफलता मिलेगी। उन्होने डॉ एमबीबीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, यूनानी डॉ व योगी चिकित्सक की विस्तृत जानकारी के साथ पशु चिकित्सक की भी जानकारी दी। पत्रकार नरेन्द्र बजाज ने पत्रकारिता के इतिहास पर जानकारी दे कर हायर सेकेण्डरी की परीक्षा के बाद इस क्षेत्र में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों को ग्रेजूऐशन कोर्स व डिग्री डिप्ला के बाद विभिन्न क्षेत्रों मिलने वाले कैरियर को समझाया, काऊंसलर के रूप में कमलेश शर्मा ने रामेश्वर चौरसिया ने ब्रम्ह दीपक नामदेव ने महत्वपूर्ण जानकारी दी। कैरियर संबंधी मार्गदर्शन पाकर विद्यार्थियों में खुशी व उत्साह का वातावरण दिखाई दिया। उन्होने तालियां बजा कर मार्गदर्शकों की जानकारी का सम्मान किया। कार्यक्रम में शिक्षक सुदीप शुक्ला, भरत दुबे, बादशाह खान, सहित पूरा स्टाफ शामिल रहा। अंत में आभार प्राचार्य श्री नेमा ने माना।

### गणतंत्र दिवस पर प्रस्तुति वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

संदीपनी माडल विद्यालय में 77वें गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देने वाले सभी विद्यार्थियों को मेडल से सम्मानित किया। मार्गदर्शकों प्राचार्य व विद्यालय परिवार ने उक्त मेडल विद्यार्थियों को पहना कर सम्मानित किया।

## विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन



**पटेरा।** जिले के पटेरा नगर में सकल हिंदू समाज के उत्थान हेतु विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया, जिसके पश्चात पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित हुईं, जिनमें भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं की झलक देखने को मिली। सम्मेलन में सर्वप्रथम श्रीमद् रामानुजाचार्य स्वामी अनंताचार्य अमृत जी महाराज तथा श्रीमद् देवशरण जी महाराज (अध्यात्म प्रमुख), श्रीधाम वृंदावन ने एवं पंडित दीपक उपाध्याय ने अपने आशीर्वचनों से उपस्थित जनसमूह को धर्म, संस्कार और सामाजिक एकता का संदेश दिया। इसके पश्चात महिला वक्ता श्रीमती नर्मदा सिंह एवं श्रीमती कविता करोसिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज निर्माण में मातृशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। अंत में मुख्य वक्ता रामलाल जी पटेल ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में हिंदू समाज को संगठित होकर कार्य करने, सांस्कृतिक चेतना को जागृत रखने तथा राष्ट्रहित में एकजुट रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के संयोजक मोहनलाल ताम्रकार एवं सहसंयोजक दीपक ताम्रकार एवं पुष्पेंद्र सोनी के सहयोग से आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ श्रद्धा एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में किया गया।

## टाईम्स संस्थान ने पुण्यतिथि पर बापू को किया याद



**दमोह।** टाईम्स पब्लिक स्कूल में महात्मा गांधी जी की 78वी पुण्यतिथि मनाई गई। सभागम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य श्री अजय मिश्रा के द्वारा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके पश्चात शाला के समस्त शिक्षकों के द्वारा गांधी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। विद्यालय के प्राचार्य ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि हम सभी को गांधीजी के जीवन से सत्य, स्वच्छता आदि से प्रेरणा लेनी चाहिए एंव उनके बताये हुए अहिंसा के मार्ग पर चलना चाहिए। विद्यालय प्रागंण में उपस्थित संचालक महोदय श्री सुशील गुप्ता सहसंचालक श्री ओम गुप्ता, समस्त कर्मचारियों एंव शिक्षको और विद्यार्थियों के द्वारा 11 बजे 2 मिनिट का मौन रख कर राष्ट्रपिता महत्मागांधी जी को भावपूर्ण श्रद्धाजंली दी गई।

## पटेरा में श्रद्धापूर्वक मनाई राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि



**दमोह।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय, पटेरा में दिनांक 30 जनवरी दिन (शुक्रवार) को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 3:00 बजे किया गया, जिसमें कांग्रेस परिवार के सभी संगठनों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरुआत ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री नंदे लाल चौरसिया जी द्वारा महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर समस्त कांग्रेसजनों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने महात्मा गांधी जी के सत्य, अहिंसा और सामाजिक समरसता के सिद्धांतों को याद करते हुए कहा कि आज के समय में गांधी जी के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महात्मा गांधी जी ने देश को आजादी दिलाने के साथ-साथ समाज को एक नई दिशा दी। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही देश में भाईचारा, शांति और न्याय स्थापित किया जा सकता है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नन्दे लाल चौरसिया, युवक कांग्रेस अध्यक्ष हनी ताम्रकार, किसान कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश पटेरिया, मुन्ना शुक्ला, पार्षद चंदा खान, पार्षद गनपत कोरी, पार्षद सौरभ ताम्रकार, रम्मू असाटी, यशु सोनी, सचिन शुक्ला, कलीमुद्दीन खान, राज सिंह एवं समस्त कांग्रेसी जान उपस्थित रहे।

# हादसे में घायल महिला की 12 दिन बाद घर में हुई मौत

**तेन्दूखेड़ा।** सैलवाड़ा ग्राम में एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है परिजनों की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार 18 जनवरी को घर से खेत जा रही महिला माया पति गुड्डा गौड़ 45 वर्ष निवासी सैलवाड़ा थाना तेंदूखेड़ा को ग्राम में एक बाइक सवार युवक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी थी जहां महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी साथ ही बाइक सवार युवक भी इस हादसे में घायल हुए था जहां 108 वाहन की मदद से घायल महिला और युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था जहां महिला को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालात के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था जहां पर महिला का 10 दिन तक इलाज चलता रहा और 28 जनवरी को महिला की हालत में सुधार आने के चलते छुट्टी दी गई लेकिन महिला की शुक्रवार दोपहर में मौत हो गई। परिजनों ने बताया महिला को 28 जनवरी को जबलपुर मेडिकल कॉलेज से डाक्टरों द्वारा हालत में सुधार आने के चलते छुट्टी कर दी गई थी लेकिन दो दिन बाद शुक्रवार दोपहर 1 बजे महिला ने अपने घर पर दम तोड़ दिया। घटना की सूचना परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई पुलिस मृतक के घर पहुंची और जांच-पड़ताल कर शव को स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों के सुपुर्द कर मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई। इस घटना को अंजाम देने वाला बाइक सवार राजेंद्र पिता राम सींग गौड़ 30 वर्ष निवासी बंधना सैलवाड़ा थाना तेंदूखेड़ा भी घायल हुआ था जो कि शराब के नशे में चूर था और तेज रफ्तार व लापरवाही से अपने घर से खेत जा रही महिला को सामने से जोरदार टक्कर मार दी थी और इस हादसे में दोनों घायल हुए थे पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# सोते समय बेटे ने पिता को मारी कुल्हाड़ी जबलपुर रेफर

**तेन्दूखेड़ा।** थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 9 में एक दिलदहला देनी वाली घटना निकल सामने आई है जहां पर एक बेटे ने अपने ही पिता को जान से मारने की कोशिश है घायल का जबलपुर में इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार नगर परिषद में पदस्थ कर्मचारी वार्ड क्रमांक 9 में रहने वाले सोना पिता गोपाल बाल्मीकि उम्र 55 वर्ष को बुधवार रात 10 बजे उसके छोटे बेटे ने जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी से हमला कर दिया और घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी कुल्हाड़ी लेकर थाने जा पहुंचा और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। आरोपी की बातों को सुनकर थाना प्रभारी रावेन्द्र बागरी व पुलिस स्टाफ घायल के घर पहुंचे और घायल को स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहां से सोना बाल्मीकि उम्र 55 वर्ष को गंभीर हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। वहीं पुलिस ने आरोपी राजकुमार पिता सोना बाल्मीकि को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है आरोपी ने सोते समय इस घटना को अंजाम दिया है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और घटना के कारणों का पता कर रही है।

**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शिवांक सोनी पिता मोहनलाल सोनी वार्ड क्रमांक 05 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 155 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 155 वार्ड क्रमांक 05 श्री अशोक साहु पिता रामदयाल साहु का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन प्लाट के हस्तांतरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 30/01/2026 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**

**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विनीता डिम्हा पति दिनेश डिम्हा वार्ड क्रमांक ग्राम सारंगपुरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 632/1/1 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 632/1/1 वार्ड क्रमांक 13 श्री सुरेन्द्र यादव पिता शंकरलाल यादव का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन प्लाट के हस्तांतरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 30/01/2026 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**